MPHIN/2023/88306
डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111
yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -4 अंक -6 मंदसौर, 29 जूलाई 2026 बुधवार से 4 अगस्त 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

# साईनाथ कॉलेज पर परीक्षा न कराने, छात्रवृत्ति हड़पने का आरोप

मंदसौर जिले के भैंसोदामंडी स्थित साईनाथ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने संस्थान पर समय पर परीक्षा न कराने और छात्रवृत्ति की राशि हड़पने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। छात्रों ने प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

छात्रों के अनुसार, उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में बीएमएलटी (BMLT) और बीपीटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया था। उनका आरोप है कि प्रवेश के बावजूद कॉलेज प्रबंधन ने न तो उनकी समय पर परीक्षाएं आयोजित कीं और न ही पढ़ाई का उचित प्रबंध किया। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने यह भी आरोप लगाया है कि कॉलेज प्रशासन ने उनकी छात्रवृत्ति की राशि का दुरुपयोग करते हुए उसे स्वयं निकाल लिया है, जिससे उनका भविष्य अधर में लटक गया है।

### भुगतान की रसीद भी बताई

छात्र-छात्राओं ने अपने आवेदन में मुख्य रूप से कॉलेज के संस्थापक अशोक नगर और शिक्षिका नवीन चौहान पर कार्रवाई की मांग की है। राजस्थान की निवासी छात्रा नेहा मीना ने बताया कि उन्होंने ?50,000 अग्रिम शुल्क के रूप में दिए थे, जिसकी रसीद उनके पास है।

नेहा ने आरोप लगाया कि जब वह परीक्षा के लिए मंदसौर पहुंचीं, तो उनकी परीक्षा नहीं कराई गई और उनकी राशि का पूरी तरह गबन कर लिया गया।



उन्होंने अपने मोबाइल में भुगतान की रसीद भी दिखाई।

### जांच के बाद कानूनी कार्रवाई करेंगे

भैंसोदामंडी पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तथ्यों की पुष्टि के बाद नियमानुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कॉलेज डायरेक्टर बोले- जल्द कराएंगे परीक्षाएं

कॉलेज के डायरेक्टर अशोक नगर ने बताया कि 60 से 70 बच्चों का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें विचार अधिनियम आदेश को लेकर कुछ त्रुटियां बताई गई हैं। उन्होंने कहा कि विशेष परीक्षाओं की तैयारी की जा रही है और वह स्वयं जबलपुर में हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही बच्चों की परीक्षाएं करवा दी जाएंगी।

# मंदसौर में फसल बीमा को लेकर कांग्रेस का तहसील घेराव

## कम बीमा भुगतान और पात्र किसानों को लाभ से वंचित रखने का आरोप

मंदसौर। जिले के मल्हारगढ़ में वर्ष 2025 में ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को फसल बीमा की कम राशि मिलने तथा कई पात्र किसानों को योजना के लाभ से वंचित रखने के विरोध में मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस ने तहसील कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और किसानों ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार पंकज जाट को सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा और कांग्रेस नेता बाबूखा मेवाती ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने आरोप लगाया कि प्राकृतिक आपदा से फसलें नष्ट होने के बावजूद तकनीकी त्रुटियों, प्रशासनिक लापरवाही और बीमा कंपनी की मनमानी के कारण हजारों पात्र किसान फसल बीमा योजना के लाभ से वंचित हैं।

उन्होंने सभी पात्र किसानों को तत्काल बीमा राशि का भुगतान कराने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



### प्रीमियम से भी कम मिल रही बीमा राशि

जिला कांग्रेस महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि कई किसानों के खातों में प्रीमियम से भी कम बीमा राशि जमा हुई है, जबकि हजारों किसानों का भुगतान अब भी लंबित है। उन्होंने सरकार और बीमा कंपनी पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता बाबूखा मेवाती ने कहा कि किसानों को मिली बीमा राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार ने व्यापक फसल नुकसान स्वीकार किया है तो किसानों को केवल 5 से 6 प्रतिशत तक ही बीमा राशि क्यों दी गई। उन्होंने सरकार पर किसान विरोधी रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया।

प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजहर हयात मेव, अजित कुमठ, रामचंद्र करुण, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रदेव पाटीदार, यूसुफ मेव, दिलीप मुंगड़, अफसर मंसूरी, रमेशचंद्र पाटीदार, नंदलाल पाटीदार, राहुल डांगी, ओमप्रकाश बसेर, जगदीश डांगी, भवानीशंकर दिवाणिया, जी.के. पाटीदार, रमेशचंद्र बागरी, कैलाश सहित बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन के झूलते तारों से किसान की मौत

## परिजन बोले- शिकायत के बाद भी बिजली कंपनी ने नहीं दिया ध्यान, मुआवजा मिले

नीमच। जिले के मनासा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऊंचेड में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। खेत में कृषि कार्य कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग किसान मदनलाल पाटीदार की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गई। इस दुर्घटना में पास में चर रही एक गाय ने भी दम तोड़ दिया।

परिजन और ग्रामीणों के अनुसार, खेत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार काफी समय से नीचे झूल रहे थे। मंगलवार दोपहर एक झूलता हुआ तार खेत की कांटेदार फेंसिंग से छू गया, जिससे पूरी फेंसिंग में हाई वोल्टेज करंट दौड़ गया। काम के दौरान जैसे ही मदनलाल फेंसिंग के संपर्क में आए, उन्हें जोरदार करंट लगा।



### ग्रामीणों ने लगाए लापरवाही के आरोप, मुआवजे की मांग

पीड़ित परिवार का आरोप है कि झूलते तारों को लेकर बिजली कंपनी को कई बार शिकायतें दी गई थीं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

सूचना पर पहुंची मनासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने दोषी बिजली कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# संपादकीय

## बदलेगी नोटों की सूरत

भारत में प्लास्टिक के नोट चलाने का विचार नया नहीं है। प्लास्टिक की करैंसी सबसे पहले 1988 में ऑस्ट्रेलिया में शुरू की गई। रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया, यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न और कॉमनवैल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल कौंसिल को प्लास्टिक मनी नोट बनाने का श्रेय दिया जाता है। ट्रायल के अच्छे नतीजों की वजह से 1996 में पूरे ऑस्ट्रेलिया में बड़ी संख्या में प्लास्टिक के नोट चलाए गए। कई देशों ने पारंपरिक कागजी नोटों को पूरी तरह से हटा दिया है और अपनी करैंसी नागरिकों को पॉलीमर नोटों में बदल दिया है। न्यूज़ीलैंड ने 1999 तक अपनी कागजी करैंसी को पूरी तरह से बदल दिया था और अब सभी मूल्यवर्गों में पॉलीमर नोटों का इस्तेमाल करता है। रोमानिया 1999 में प्लास्टिक के नोट फैलाने वाला पहला यूरोपीय देश बना। इसी तरह, कनाडा ने 2013 तक पॉलीमर करैंसी में अपना पूरा बदलाव कर लिया था। ब्रुनेई 2006 से विशेष रूप से पॉलीमर नोटों का इस्तेमाल कर रहा है। वियतनाम भी अपनी ज़्यादातर करैंसी पॉलीमर रूप में ही जारी करता है। कई देश अभी मिश्रित नागरिकों पर काम कर रहे हैं, जहां कागजी और पॉलीमर दोनों तरह के नोट चलन में हैं। ब्रिटेन ने 2016 में पॉलीमर पाउंड स्टर्लिंग नोट जारी करना शुरू किया। इस पहल की शुरुआत 5 रुपए के नोट से हुई थी और बाद में इसे 10 रुपए, 20 रुपए और 50 रुपए जैसे बड़े मूल्यवर्गों तक बढ़ाया गया। सिंगापुर और मलेशिया जैसे देश भी कुछ खास मूल्यवर्गों के नोटों के लिए पॉलीमर तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। इस बीच, थाईलैंड और फिलीपींस ने हाल ही में प्लास्टिक करैंसी की ओर अपने बदलाव की गति तेज़ कर दी है। लगभग 60 देश प्लास्टिक के नोटों को अपना चुके हैं। अब भारत में भी ?रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने प्लास्टिक नोटों के सर्कुलेशन को टेस्ट करने का फैसला किया है। रिजर्व बैंक जल्दी ही 10 और 20 रुपए के नोट जारी करेगा। फिलहाल 200 करोड़ के नोट छापे जाएंगे और ट्रायल सफल रहा तो आगे और भी नोट छापे जाएंगे। देखा जाए तो प्लास्टिक नोटों के बहुत फायदे हैं। प्लास्टिक नोट आमतौर पर प्लास्टिक या पॉलीमर सब स्ट्रेट से बनाए जाएंगे। कागज के नोटों की नकल करना आसान है, जबकि प्लास्टिक के नोटों की नकल करना मुश्किल होगा। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में नकली करैंसी की घुसपैठ बंद होगी। क्योंकि भारत में आतंकवाद के वित्त पोषण के लिए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी संगठन नकली करैंसी का इस्तेमाल करते रहे हैं और देश की अन्दरूनी सुरक्षा पर असर डालते रहे हैं। प्लास्टिक के नोट कागज के नोटों के मुकाबले काफी समय तक चलेंगे। कागज के नोट बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं जिससे छपाई का खर्च बढ़ता है। वित्त वर्ष 2025 में आरबीआई ने कागजी नोटों की छपाई पर 6372.9 करोड़ खर्च किए थे। पॉलिमर नोटों को बार-बार छापने से खर्चा घटेगा। प्लास्टिक के नोट छापने से पर्यावरण को होने वाला नुक्सान भी काफी हद तक कम होगा। दुनिया में हर साल 600 बिलियन प्लास्टिक बैग इस्तेमाल होते हैं। इनमें से अधिकांश सीवर और नदियों में चले जाते हैं और जहां वह सीवर जाम कर देते हैं। महानगरों में यह समस्या आम है, जहां सीवर जाम होने से पूरा प्रवाह ही अवरुद्ध हो जाता है। प्लास्टिक बैग दुनियाभर में समुद्रों के बीच पाए जाने वाले 10 तरह के कूड़े में से एक है। अगर प्लास्टिक का रिसाइक्लिंग कर नोट छापे जाएंगे तो कागज तैयार करने के लिए पेड़ों पर भी कम दबाव पड़ेगा। इस तरीके से पर्यावरण को होने वाला नुक्सान कम होगा। हालांकि भारत में प्लास्टिक के नोट अपनाने में तकनीकी समस्याएं जरूर आएंगी। एटीएम मशीनों में ऐसे नोटों को लगाना महंगा होगा लेकिन धीरे-धीरे इन मुश्किलों पर पार पाना सम्भव हो जाएगा। मोबाइल फ़ोन के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल से भारत के गांवों में फ़ाइनेंशियल सर्विस तक पहुंच बढ़ी है। भारत में टेलीकॉम इंडस्ट्री कैशलेस इकॉनमी के लिए मोबाइल मनी या डिजिटल पेमेंट की ओर बढ़ रही

# मंदसौर में लगातार चौथे दिन बारिश नहीं

मंदसौर । जिले में पिछले चार दिनों से बारिश नहीं हुई है, जिससे मानसून की गति धीमी पड़ गई है। हालांकि, जिले में अब तक कुल 13.40 इंच वर्षा दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों में मानसून के फिर से सक्रिय होने की संभावना है।

शनिवार से मंगलवार शाम तक बादल छाए रहे, लेकिन जिला मुख्यालय सहित अधिकांश क्षेत्रों में अच्छी बारिश नहीं हुई। पिछले 48 घंटों में जिले के किसी भी हिस्से में वर्षा दर्ज नहीं की गई है।

जिला मुख्यालय के अलावा सीतामऊ, नाहरगढ़, भानपुरा, गरोठ, सुवासरा, शामगढ़, दलौदा, मल्हारगढ़, पिपलिया मंडी, नारायणगढ़, डिगांव, बरखेड़ा और अफजलपुर जैसे अधिकांश इलाकों में भी बारिश का इंतजार बना रहा।

### पिछली बारिश से किसान उत्साहित

लगातार बारिश थमने के बावजूद, तापमान में गिरावट आने से मौसम खुशनुमा बना हुआ है। इससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है।

हाल के दिनों में हुई अच्छी बारिश से किसान उत्साहित हैं। उनका कहना है कि सोयाबीन, मक्का और उड़द सहित अन्य खरीफ फसलों को पर्याप्त नमी मिल चुकी है, जिससे उनकी बढ़वार बेहतर होने की उम्मीद है। खेतों में नमी बने रहने से फसल उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों के लिए मानसून के फिर से सक्रिय होने का अनुमान जताया है। इस दौरान बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ने की भी संभावना है। 29 जुलाई- दिनभर बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना। अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25.1 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान।

30 जुलाई- रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रह सकता है। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज बारिश की संभावना। अधिकतम 31.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24.8 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान।

31 जुलाई- बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना, तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है।

1 अगस्त- जिले में मानसून सक्रिय रहने के आसार हैं। कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जिससे खरीफ फसलों को लाभ मिलेगा।

मौसम विभाग ने लोगों से अपील की कि गरज-चमक के दौरान खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें तथा मौसम संबंधी सावधानियों का पालन करें।


ट्रेवल्स
अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन
मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान




डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।
साथ ही

आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।

L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं
मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485


हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268




प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851
राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड

हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।


चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ. विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक


# गरोठ में भर्ती घोटाला, 311 युवाओं का भविष्य अधर मेंक्षेत्र में अघोषित लोडशेडिंग से बिजली संकट भी चरम पर

मंदसौर। जिले का गरोठ क्षेत्र इन दिनों दोहरी समस्या से जूझ रहा है। एक ओर स्वास्थ्य विभाग में कथित भर्ती घोटाले ने सैकड़ों बेरोजगार युवाओं का भविष्य अधर में डाल दिया है, वहीं दूसरी ओर अघोषित बिजली कटौती ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है।

स्वास्थ्य विभाग में संविदा पदों पर नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगारों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अकेले गरोठ तहसील के 10 और पूरे जिले के करीब 311 युवा इस ठगी का शिकार हुए हैं।

आरोप है कि युवाओं से पैसे लेने के बाद भी उन्हें न तो नौकरी मिली और न ही उनकी रकम वापस की गई।

कुछ युवाओं को नौकरी पर रखा भी गया था, लेकिन बाद में उन्हें हटा दिया गया। इस मामले के उजागर होने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर ढिलाई से क्षेत्र के युवाओं में गहरा असंतोष है।

दूसरी गंभीर समस्या अघोषित बिजली कटौती की है। बारिश के मौसम में दिन-रात हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। रात में अंधेरे के कारण सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा बढ़ गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल है।

बिजली संकट के विरोध में ग्रामीणों ने जगह-जगह प्रदर्शन किए हैं। पावटी में चक्काजाम किया गया, जबकि शामगढ़ के डिंपल चौराहे पर भी विरोध प्रदर्शन हुआ। मंगलवार को विद्युत मंडल कार्यालय के सामने सुबह 11 बजे से 1 बजे तक धरना देकर जेई यादव को ज्ञापन सौंपा गया।

### कलेक्टर नाम सौंपा ज्ञापन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दोनों मुद्दों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस नेताओं ने भर्ती घोटाले की निष्पक्ष जांच, पीड़ितों के पैसे वापस दिलाने और क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस धरने में कचरूलाल नगर, सलीम भाई अगवान, महेश पाटीदार, सुनील (बीनू) मिश्रा, अमृत राम, राधेश्याम प्रजापति, प्रेमचंद चौधरी और प्रमोद वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# कोबरा के डसने पर अस्पताल की जगह मंदिर पहुंचे परिजन

मंदसौर। जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के लदुना गांव में सोमवार रात कोबरा सांप के काटने से 15 वर्षीय किशोर की हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे पहले उपचार के बजाय गांव के तेजा बाउजी मंदिर ले गए, जिससे इलाज में देरी हुई। बाद में सर्पमित्र की सलाह पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से जिला अस्पताल मंदसौर रेफर किया गया। फिलहाल किशोर का इलाज वेंटिलेटर पर चल रहा है।

### लकड़ियों का गट्ठा उठाते समय कोबरा ने डसा

जानकारी के अनुसार, प्रदीप सेन (15) पुत्र भेरूलाल सेन, निवासी ग्राम राजनगर (सीतामऊ तहसील), रामेश्वर राठौड़ की चाय की दुकान पर काम करता है। सोमवार रात वह भट्ठी जलाने के लिए लकड़ियों का गट्ठा उठा रहा था। इसी दौरान लकड़ियों में छिपे कोबरा सांप ने उसके हाथ पर डस लिया। प्रदीप के चिल्लाने की आवाज सुनकर होटल संचालक और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत गांव के तेजा बाउजी मंदिर ले गए।

### अंधविश्वास के कारण अस्पताल पहुंचने में हुई देरी

घटना के तुरंत बाद परिजन और स्थानीय लोग प्रदीप को अस्पताल ले जाने के बजाय गांव के प्रसिद्ध तेजा बाउजी मंदिर ले गए। वहां पारंपरिक तरीके से उपचार कराने का प्रयास किया गया। इस दौरान काफी समय निकल गया, जबकि सांप के काटने के मामलों में शुरुआती समय सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी बीच घटना की सूचना मिलने पर सर्पमित्र रवि पाटीदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कोबरा सांप को सुरक्षित पकड़ लिया और उसकी पहचान करने के बाद परिजनों से बिना देर किए किशोर को अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद प्रदीप को सीतामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।


श्री देव फिजियोथेरेपी हॉस्पिटल
आपकी सेहत हमारी प्राथमिकता
एक्सिस बैंक के सामने शामगढ़ मध्यप्रदेश
8239793310
समय - प्रातः 10 से सायं 07 बजे तक
अत्याधुनिक मशीनों व एक्सरसाइज थेरेपी द्वारा विभिन्न बिमारियों का इलाज
एक ही दिन में विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार का सुनहरा अवसर
विशेषज्ञ डॉक्टर
डॉ. प्रवीण कुमार भोज MBBS MS ORTHO
डॉ. अजय शर्मा BPT CMS & ED 8239793310
डॉ. प्रशांत शर्मा BPT CMS & ED 9928716891
फिजियोथेरेपी क्यों जरूरी है?
आधुनिक सुविधाएं
सही इलाज, सही समय पर - पूर्ण आराम, पूर्ण विश्वास
दर्द से राहत बेहतर मूवमेंट स्वस्थ जीवन
पता:- Exist Bank के सामने, श्री देव फिजियोथेरेपी हॉस्पिटल, शामगढ़ (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें 8239793310

विशाल शिविर आपके अपने शहर शामगढ़ में
मालवा हॉस्पिटल
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत फ्री ईलाज
सभी प्रकार के फ्रेक्चर का ऑपरेशन
• जॉइंट रिप्लेसमेंट - घुटने एवं कुल्हे का प्रत्यारोपण
• आर्थोस्कोपी - दूरबीन द्वारा लिगामेंट का ऑपरेशन
श्री कोल्ड के पास, संगीत रोड, मंदसौर (म.प्र.)
डॉ. प्रवीण कुमार भोज
07422469858 | Mob. 9755557829, 9755557839
दिनांक 19.07.2026 रविवार
परामर्श शुल्क 300/- रु.
श्री देव हेल्थ केयर & फिजियोथेरेपी क्लिनिक

सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
Cure With Care
आपके शहर शामगढ़ में एक मात्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जहाँ सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा उपचार प्रतिदिन किया जाता है।
24/7 EMERGENCY SERVICE
डॉ. राशी चौबे
MBBS, M.S. (obs.& Gynaecologist)
वरिष्ठ महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ—
हर्निया / पाईल्स / फिशर / फिस्टूला / अपेंडिक्स / प्रोस्टेट
कलर सोनोग्राफी / कम्प्यूटराईज्ड लैब / ICU / ECG
एंबुलेंस / मेडिकल / जनरल वार्ड / वातानुकूलित कॉटेज
ऑपरेशन थियेटर / Digital X-ray / 3D/4D सोनोग्राफी
मल्टी स्पेशलिटी — जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ, जनरल सर्जन विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें — 9630656224
पता — 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला— मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883

गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगीरिया रोड़ शामगढ़

NOBLE Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh

# नशे से दूरी, है जरूरी 2.0 अभियान के तहत भानपुरा पुलिस की बडी सफलता

## अवैध मादक पदार्थ 170 ग्राम एमडीएमए व 4.5 किलोग्राम डोडाचुरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

भानपुरा। थाना प्रभारी विनय बुंदेला ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत भैसोदा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेश यादव की टीम ने भैसोदामण्डी ने बस स्टेण्ड के आगे आमरोड भैसोदामण्डी पर कार्यवाही करते हेतु आरोपीगण आयमान खान व साबान खान निवासी यान इन्दौर के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 170 ग्राम एमडीएमए व 4.5 किलोग्राम डोडाचुरा कीमती 188000 /- रूपये को जप्त करने में सफलता हासिल की। श्री बुंदेला ने बताया कि विगत मंगलवार को चौकी प्रभारी भैसोदामण्डी उप निरीक्षक धर्मेश यादव को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक स्विफ्ट डिजायर कार सफेद रंग की जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक M P 09 DL 8832 में बैठकर भवानीमण्डी तरफ से होकर भैसोदामण्डी बस स्टेण्ड होते हुए रेल्वे फाटक क्रॉस कर भैसोदा तरफ किसी बाहरी तस्कर को अवैध मादक पदार्थ एमडी व डोडाचुरा देने जाने वाले है यदि तत्काल घेराबंदी की जावे तो उक्त व्यक्तियो को अवैध मादक पदार्थ




एमडीएम व डोडाचुरा सहित पकडने मे सफलता मिल सकती है। सूचना विश्वनीय होने से चौकी प्रभारी भैसोदामण्डी उप निरीक्षक धर्मेश यादव के द्वारा तत्काल सउनि ओंकार सिहं ठाकुर के हमराह टीम गठित कर घेराबंदी की जाकर मौके से आयमान पिता अयाज खान जाति मुसलमान निवासी मैन रोड आजाद नगर इन्दौर व साबान खान पिता मोहम्मद फारूख जाति मुसलमान निवासी लोधीपुरा इन्दौर को मय स्विफ्ट कार क्रमांक M P 09 DL 8832 के मोके पर पकडा व पुलिस द्वारा कार्यवाही करते आरोपीगणों की कब्तजे बाली कार की तलासी लेते उसमें से 170 ग्राम एमडीएमए व 4.5 किलोग्राम डोडाचुरा मिला जो कीमती करीब 188000 /- रूपये रूपये होना पाई जिसे मौके पर पुलिस द्वारा जप्त किया गया व आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर अपराध धारा 8/15,22,29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपीगणों से अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए व डोडाचुका के स्त्रोत के संबंध मे पूछताछ कर अनुसंधान किया जा रहा है । जप्त मश्रुका में 170 ग्राम एमडीएमए व 4.5 किलोग्राम डोडाचुरा कीमती 01 लाख 80 हजार रूपये , एक स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक M P 09 DL 8832 कीमती 04 लाख रूपये शामिल है एवं गिरफ्तार आरोपीयो में आयमान पिता अयाज खान जाति मुसलमान निवासी मैन रोड आजाद नगर इन्दौर म.प्र. एवं साबान खान पिता मोहम्मद फारूख जाति मुसलमान निवासी लोधीपुरा इन्दौर (म.प्र.) शामिल है। उक्त कार्य मे थाना प्रभारी भानपुरा उनि विनय कुमार बुन्देला, चौकी प्रभारी भैसोदामण्डी उप निरीक्षक धर्मेश यादव व सउनि ओंकार सिहं ठाकुर व टीम का विशेष सराहनीय योगदान रहा।






## अमरनाथ से लौट रही मंदसौर की बस 50 फीट खाई में गिरी

मंदसौर। अमरनाथ यात्रा से लौट रहे मंदसौर जिले के श्रद्धालुओं की बस मंगलवार सुबह जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में हादसे का शिकार हो गई। मां भगवती यात्रा कंपनी की चार बसों में शामिल बस बालटाल से श्रीनगर जाते समय रंगा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर करीब 50 फीट गहरी खाई में उतर गई। बस में सवार करीब 40 श्रद्धालु घायल हुए हैं। राहत की बात यह रही कि किसी की जान नहीं गई। अधिकांश यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं, जबकि प्रारंभिक तौर पर दो श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। सीआरपीएफ, सुरक्षा बलों और राहत दल ने तत्काल बचाव अभियान चलाकर बस के कांच तोड़ते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख जताते हुए अधिकारियों की टीम भेजने की जानकारी दी।





समस्या अनेक समाधान एक

अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर

ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD

आपके लिए लाया है

GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation

की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...

पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001

Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com


स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटरर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306